RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ई-पाठशाला कार्यक्रम

Class 12th GEOGRAPHY

मानव भूगोल

प्राथमिक क्रियाएँ

RAPID REVISION



प्राथमिक क्रियाएँ

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.1 निम्न में से कौनसा एक प्राथमिक क्रियाओं में शामिल नही है–



A पशुचारण

B आखेट

C कृषि

D विनिर्माण

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.2 निम्न में से कौनसी फसल रोपण कृषि में सम्मिलित है–



A रबड़

B गन्ना

C चाय

D उपरोक्त सभी

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.3 निम्न में से कौनसी विशेषता रोपण ता रोपण कृषि की नहीं है–



A कृषि क्षेत्र का विस्तृत आकार

B अधिक पूंजी निवेश

C निम्न प्रबंधन एवं तकनीकी आधार

D सस्ते श्रमिक

Q.4 निम्न में भूमध्यसागरीय कृषि से सम्बन्धित क्षेत्र नहीं है–

A मध्य कैलीफोर्निया

B मध्यवर्ती चिली

C दक्षिणी अफ्रीका का दक्षिणी पश्चिमी भाग

D भूमध्यसागर तटीय क्षेत्र

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.5 निम्नलिखित देशों में से किसमें सहकारी आंदोलन सर्वाधिक सफल रहा–



A भारत

B डेनमार्क

C रूस

D चीन

Q.6 खट्टरसदार फलों की कृषि किस कृषि क्षेत्र की विशेषता है–

A वाणिज्यिक कृषि

B रोपण कृषि

C जीवन निर्वाह कृषि

D भूमध्यसागरीय कृषि

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.7 वाणिज्य डेयरी कृषि का सबसे बड़ा प्रदेश कौनसा है–

A दक्षिणी अफ्रीका

B उत्तर पश्चिमी यूरोप

C कनाडा

D न्यूजीलैण्ड

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.8 सामूहिक कृषि का प्रारम्भ सर्वप्रथम कहां से हुआ था–



A भारत

B चीन

C सोवियत संघ

D जर्मनी

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.9 ट्यूलिप पुष्प की कृषि के लिए विख्यात देश कौनसा है–



A नीदरलैण्ड

B डेनमार्क

C स्वीडन

D ब्रिटेन

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.10 निम्न में से कौनसी एकल कृषि नहीं है–

A रोपण कृषि

B जीवन निर्वाह कृषि

C डेयरी कृषि

D मिश्रित कृषि

प्राथमिक क्रियाएँ

रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए–

Q.11 प्राथमिक क्रियाओं में संलग्न लोग ..... कहलाते है।



प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : लाल कॉलर श्रमिक



प्राथमिक क्रियाएँ

Q.12 ब्राजील में कॉफी के बागान ..... कहलाते है।



प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : फेजेन्डा



प्राथमिक क्रियाएँ

Q.13 मिश्रित कृषि में ..... एवं ..... क्रियाएं शामिल है।



प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : फसल उत्पादन, पशुपालन



प्राथमिक क्रियाएँ

Q.14 सोवियत संघ में सामूहिक कृषि को ..... कहा जाता है–



प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : कोलखहोज



प्राथमिक क्रियाएँ

Q.15 स्थानातरणशील कृषि को ..... एवं ..... कृषि भी कहते है।



प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : कर्तन एवं दहन



प्राथमिक क्रियाएँ

Q.16 विश्व में सहकारी आंदोलन को सर्वाधिक सफलता देश में मिली।



प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : डेनमार्क



प्राथमिक क्रियाएँ

Q.17 अंगूर की कृषि ..... क्षेत्र की विशेषता है।

प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : भूमध्यसागरीय



प्राथमिक क्रियाएँ

Q.18 कुनैन ..... नामक वृक्ष की छाल से बनाई जाती है?



प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : सिनकोना



प्राथमिक क्रियाएँ

Q.19 आर्थिक क्रिया किसे कहते है?



प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : मानव के वो सभी क्रियाकलाप जिनसे आय प्राप्त होती है आर्थिक क्रिया कहते है।



प्राथमिक क्रियाएँ

Q.20 ऋतुप्रवास किसे कहते है?



उत्तर : पशुचारकों द्वारा ऋतुओं के अनुरुप पशुओं को लेकर चरागाह क्षेत्रों की ओर प्रवास करना ऋतुप्रवास कहलाता है। ग्रीष्म ऋतु में मैदानी भाग से पर्वतीय चरागाह की ओर एवं शीत ऋतु में पर्वतीय भाग से मैदानी चरागाहों की ओर प्रवास करते है।

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.21 भारत के हिमालय पर्वतीय क्षेत्र में ऋतुप्रवास करने वाली पशुचारक जातियों के नाम बताइये।

प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : गुज्जर, बकरवाल, गद्दी एवं भूटिया।



प्राथमिक क्रियाएँ

Q.22 चलवासी पशुचारकों की संख्या एवं क्षेत्र में कमी के दो कारण बताइये।



प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : 1. राजनीतिक सीमाओं का अधिरोपण

2. कई देशों द्वारा नई बस्तियों की योजना बनाना।

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.23 विश्व में भोजन संग्रह करने वाले दो क्षेत्र बताइये।



उत्तर : 1. उच्च अक्षांश के क्षेत्र उत्तरी कनाडा, उत्तरी यूरेशिया दक्षिणी चिली।

2. निम्न अक्षांश के क्षेत्र अमेजन बेसिन, उष्णकटिबंधीय अफ्रीका।

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.24 पश्चिमी यूरोप एवं उत्तरी अमेरिका के औद्योगिक क्षेत्रों में की जाने वाली दो कृषि के नाम लिखिए।

प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : 1. उद्यान कृषि

2. कारखाना कृषि



प्राथमिक क्रियाएँ

Q.25 खनन की दो विधियों के नाम लिखिए।



प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : 1. धरातलीय या विवृत खनन विधि।

2. भूमिगत या कूपकी खनन विधि



प्राथमिक क्रियाएँ

Q.26 चिकल क्या है? इसका निर्माण कैसे होता है?



उत्तर : चुविंगगम को चूसने के बाद शेष बचे भाग को चिकल कहते है। यह जेपोटा वृक्ष से बनता है।

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.27 सहकारी कृषि किसे कहते है?



उत्तर : जब कृषकों के समूह द्वारा स्वेच्छा से सहकारी संस्था बनाकर कृषि से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए कृषि कार्य किया जाता है उसे सहकारी कृषि कहते है।

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.28 आदिमकालीन मानव जीवन निर्वाह के लिए कौनसी दो प्राचीनतम ज्ञात आर्थिक क्रियाओं पर निर्भर था?

प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : 1. आखेट

2. भोजन संग्रह



प्राथमिक क्रियाएँ

Q.29 खनन कार्य को प्रभावित करने वाले दो कारक लिखिए।



प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : 1. **भौतिक कारक** – खनिज निक्षेपों का आकार श्रेणो, एवं उपस्थिति की अवस्था।

2. **आर्थिक कारक** – खनिज की मांग, तकनीक, पूंजी।

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.30 ट्रक कृषि क्या है?



प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : कृषकों द्वारा उत्पादित सब्जियों को ट्रक द्वारा उत्पादन क्षेत्र से बाजार तक जाता है। इसलिए इसे ट्रक कृषि कहते है।



प्राथमिक क्रियाएँ

Q.31 विकसित अर्थव्यवस्था वाले देश उत्पादन की खनन प्रसंस्करण एवं शोधन कार्य से पीछे हट रहे है जबकि विकासशील देश नहीं। कारण बताइये।

उत्तर : उत्पादन की खनन प्रसंस्करण एवं शोधन में श्रमिक लागत अधिक आती है जो विकासशील देशों के पास श्रम शक्ति की उपलब्धता के कारण खनन कार्य को महत्व दिया जा रहा है।

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.32 प्राथमिक क्रियाएँ किसे कहते है? इसमें कौन-कौनसे क्रियाकलाप शामिल किये जाते है?



प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : पर्यावरण में प्रकृति प्रदत्त संसाधनों पर प्रत्यक्ष रूप से मानव द्वारा क्रिया प्राथमिक क्रियाएँ कहलाती है। प्राथमिक क्रियाओं में निम्न क्रियाकलाप शामिल किये जाते है- कृषि, आखेट, भोजन संग्रह, पशुचारण, मछली पकड़ना, खनन, लकड़ी काटना आदि।

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.33 चलवासी पशुचारण एवं वाणिज्य पशुधन पालन में अन्तर लिखिए।



प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर :

चलवासी पशुचारण	वाणिज्य पशुधन पालन
1. यह जीवन निर्वाह आधारित है। 2. पानी व चरागाह की उपलब्धता के अनुसार स्थानान्तरित होते रहते है। 3. पशुओं पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। **प्रमुख क्षेत्र–** सहारा मरुस्थल, मध्य एशिया, यूरोप व एशिया के टुण्ड्रा प्रदेश	1. यह व्यापार आधारित व्यवसाय है। 2. विस्तृत क्षेत्र में फैले स्थायी फार्मो में पशुओं को रखा जाता है। 3. पशुओं को वैज्ञानिक तरीके से देखभाल की जाती है। **प्रमुख क्षेत्र –** न्यूजीलैण्ड, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, अर्जेंटिना

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.34 आदि कालीन निर्वाह कृषि या स्थानांतरित कृषि का वर्णन कीजिए।

उत्तर : स्थानांतरित कृषि मुख्य रूप से उष्णकटिबन्धीय क्षेत्र में पायी जाने वाली सघन वनस्पति में निवास करने वाली जनजातीय समूह द्वारा की जाती है।

इन क्षेत्रों में वनस्पति को जलाकर खेत तैयार किये जाते है। जली हुई राख की परत उर्वरक का कार्य करती है।

प्राथमिक क्रियाएँ

इसे कर्तन एवं दहन कृषि भी कहते है। उसे 5 वर्ष पश्चात् मिट्टी का उपजाऊपन समाप्त होने पर दूसरी जगह पर खेत तैयार करके कृषि की जाती है। इसे भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में झूमिंग, मध्य अमेरिका एवं मैक्सिकों में मिल्पा ए एवं मलेशिया व इंडोनेशिया में लादांग कहते है।

प्राथमिक क्रियाएँ

Q.35 विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि की विशेषताएं बताते हुए इसके प्रमुख क्षेत्रों के नाम लिखिए।

प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : 1. यह कृषि मध्य अक्षांशों के आंतरिक अर्धशुष्क प्रदेशों में की जाती है।

2. इस कृषि की मुख्य फसल गेहूँ है। अन्य फसलें मक्का, जौ, राई एवं जई है।

3. खेतों का आकार बड़ा होता है।

प्राथमिक क्रियाएँ

4. खेत जोतने से फसल काटने तक सभी कार्य यंत्रों द्वारा किये जाते है।
5. प्रति एकड़ उत्पादन कम परन्तु प्रति व्यक्ति उत्पादन अधिक होता है।

प्रमुख क्षेत्र :–

यूरेशिया के स्टेपीज

उत्तरी अमेरिका के प्रेयरीज

प्राथमिक क्रियाएँ

अर्जेंटाइना के पम्पाज

दक्षिणी अफ्रीका के वेल्डस

आस्ट्रेलिया के डाउन्स

न्यूजीलैण्ड के केंटरबरी

Q.36 डेयरी कृषि की विशेषताएं लिखते हुए विश्व के प्रमुख वाणिज्य डेयरी क्षेत्र बताइये।

प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : 1. दुधारू पशुओं का पालन पोषण उन्नत व दक्ष तरीके से किया जाता है।

2. इसमें पूंजी की अधिक आवश्यकता होती है।

3. पशुओं के प्रजनन स्वास्थ्य व पशु चिकित्सा पर अधिक ध्यान दिया जाता है।

प्राथमिक क्रियाएँ

4. इसमें गहन श्रम की आवश्यकता होती है।
5. डेयरी कृषि कार्य नगरीय व औद्योगिक केन्द्रों के समीप किया जाता है क्योंकि ये क्षेत्र ताजा दूध एवं डेयरी उत्पादन के अच्छे बाजार होते है।

प्राथमिक क्रियाएँ

प्रमुख क्षेत्र –

उत्तरी पश्चिमी यूरोप, कनाडा, न्यूज़ीलैण्ड, दक्षिणी पूर्वी ऑस्ट्रेलिया।

Q.37 मिश्रित कृषि पर टिप्पणी लिखिए।



प्राथमिक क्रियाएँ

उत्तर : प्रमुख विशेषताएं–

- खेतो का आकार मध्यम
- फसल उत्पादन एवं पशुपालन दोनों को समान महत्व
- चारे की फसलों की प्रधानता
- शस्यावर्तन एवं अंतः फसली कृषि द्वारा मृदा की उर्वरता बनाये रखना।

प्राथमिक क्रियाएँ

– कुशल एवं योग्य कृषको की आवश्यकता

– अधिक पूँजी व्यय

प्रमख फसलें– गेहूँ, जौ, राई, जई, मक्का, चारे की फसल, कंदमूल आदि।

प्रमुख क्षेत्र– उत्तरी पश्चिमी यूरोप, उत्तरी अमेरिका का पूर्वी भाग, यूरेशिया के कुछ भाग, समशीतोष्ण अक्षांश वाले क्षेत्र।